Title: Need to provide financial assistance to State Government of Himachal Pradesh for construction of five overbridges on lakes between Bhakradam, Auhar, Matla and Mandura.

14.27 hrs.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now the House will take up Matters under Rule 377.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर) (हि.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, हिमाचल प्रदेश के मेरे लोक सभा क्षेत्र हमीरपुर के जिला बिलासपुर में गेहड़वीं विधान सभा क्षेत्र में के २०० वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक लाख से अधिक जनता निवास करती है, लेकिन भाखड़ा बांध से लेकर औहर तक ५२ किलोमीटर लंबी झील तथा मातला से मांडवां तक २० किलोमीटर लंबी झील पर पुल न होने के कारण संपूर्ण क्षेत्र जिला मुख्यालय बिलासपुर से अलग-थलग पड़ा है और वहां यातायात की २४ घंटे सुविधा उपलब्ध न होने तथा जो रास्ता मात्र पांच मिनट में तय किया जा सकता है, वह पुलों के अभाव में ८० किलोमीटर चक्कर लगाकर काटना प्रड़ रहा है जिसके कारण जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उपर्युक्त परेशानी से बचने के लिए यह आवश्यक है कि भाखड़ा बांध से लेकर औहर, भजवानी तक ५२ किलोमीटर लंबी झील व मातला से लेकर मांडवां तक २० किलोमीटर लंबी झील पर हर पांच किलोमीटर पर ओवरब्रिज बनाए जाएं।

14.28 hrs (Prof. Rita Verma in the Chair)

जनता की यातायात की समस्या के तुरंत समाधान हेतु कम से कम चार पुलों का अविलंब बनाया जाना नितान्त आवश्यक है। अतः मेरा आपके माध्यम से ऊर्जा मंत्री महोदय से अनुरोध है कि वहां पहला पुल बिलासपुर जिला हैडक्वार्टर के पास लुहणू मैदान- बैरी दड़ोला में, दूसरा ज्योर पत्तन में, तीसरा श्रीनैना देवी के नीचे काला कुंड में और चौथा जैजवीं-नारल, नारल-देहलवी में बनाया जाए। इस प्रकार ये चार पुल निर्मित किये जाएं जिससे भाखड़ा डैम से उजड़े इस क्षेत्र की जनता जो ४० वर्षों के बाद भी कठिनाइयों का सामना कर रही है, उसको कुछ राहत मिल सके। इस निमित्त राज्य सरकार को समुचित धन उपलब्ध कराया जाए।